# श्याम भरोसे हो जा प्यारे भजन लिरिक्स

श्याम भरोसे हो जा प्यारे,
ये श्रृष्टि के पालन हारे,
श्याम भरोसे हो जा प्यारें।bd।

तर्ज – दो दिल टूटे।

---

चिंता करे क्यों बैठा,
जब है ये मालिक तीनो लोक का,
सांवरे के हाथों उलझन,
जीवन की सारी अपनी सौंप जा,
सुलझने लगेंगे खुद ही,
सुलझने लगेंगे खुद ही,
ये उलझन के धागे,
श्याम भरोसे हो जा प्यारें।bd।

---

मुश्किल तो आयेगी पर,
तुझको कभी ना छूने पाएगी,
ढाल खड़ा है बनके,
भेद इसे ना कभी पाएगी,
कवच कृपा का इनकी,
कवच कृपा का इनकी,
पहन ले प्यारे,
श्याम भरोसे हो जा प्यारें।bd।

---

जीवन ये बीता कितना,
और है कितना ही ये रह गया,
अब भी शरण आने को,
गर सोचता ही तू जो रह गया,
समय ना 'कमल' थमता पर,
समय ना 'कमल' थमता पर,
साँस थम जाए रे,
श्याम भरोसे हो जा प्यारें।bd।

---

श्याम भरोसे हो जा प्यारे,
ये श्रृष्टि के पालन हारे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

Singer – Sanjay Mittal Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com